# एमएनएनआइटी को मिला राष्ट्रीय स्तर का लॉन टेनिस और बास्केटबॉल कोर्ट

## चर्चा में क्यों?

16 जनवरी, 2022 को प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआइटी) में संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव त्रिपाठी ने राष्ट्रीय स्तर का सिंथेटिक लॉन टेनिस और बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया।

## प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही उन्होंने एक जिम का भी उद्घाटन किया। इनसे जहाँ एक ओर छात्रों को कैंपस में ही लॉन टेनिस और बास्केटबॉल खेलने की सुविधा हो गई है, वहीं दूसरी ओर व्यायाम करने के लिये उच्चस्तरीय जिम भी मिल गई है।
- इन दोनों कोर्ट और जिम का निर्माण 1987 बैच के द्वारा दिये गए दान से किया गया है। इनके निर्माण में 32 लाख रुपए का खर्च आया।
- इस कोर्ट की स्थापना से संस्थान में पढ़ रहे और खेल में रुचि रखने वाले छात्रों को खेलने का मौका मिलेगा। इससे शारीरिक फिटनेस तो होगी ही, साथ ही स्ट्रेस मैनेजमेंट में भी मदद मिलेगी।
- इस अवसर पर 1987 मैकेनिकल बैच के पूर्व छात्र व इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक राज दुबे ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग की रिसर्च स्कॉलर मृदुला भद्रा द्वारा डिज़ाइन किये गए एमएए के लोगो का भी अनावरण किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mnit-got-national-level-lawn-tennis-and-basketball-court